Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide funds for Araria-Galgalia Railway line Project in Bihar-Laid.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): अररिया – गलगलिया नई रेल परियोजना जो तेजी से चल रही है **इस** वर्ष बजट में बहुत कम राशि का आवंटन हुआ है, फलस्वरूप काम रूक गया है । इसे रिवीजन कर सूटेबल रिवाइज आवंटन कर काम को चालू रखा जाए जिससे आज़ादी के बाद पहली बार क्षेत्र के लोगों को रेलगाड़ी देखने का मौका मिल सके । सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेल लाइन जो प्रतापगंज से भीमनगर – बथनाहा 1934 के भूकम्प में नष्ट हुई थी अभी तक वैसे ही पड़ी है, इसे पुनः चालू कर नेपाल के साथ जोड़ा जाए ताकि बॉर्डर क्षेत्र की गरीब जनता को इसका लाभ मिल सके ।